<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–18 अप्रैल 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- वक्फ मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार को सात दिनों में जवाब दाखिल करने के दिये निर्देश। पांच मई को अगली सुनवाई तक वक्फ बोर्ड में नहीं होगी कोई नियुक्ति।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रपति द्वारा विधेयकों पर निर्णय लेने के लिये समय–सीमा निर्धारित करने वाले सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर उठाया सवाल। कहा– शक्ति का प्रयोग करते समय अत्यन्त संवेदनशील होने की आवश्यकता।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर एम्स में आज पांच सौ बेड के रैन बसेरे का शिलान्यास करेंगे। कल पन्द्रह सौ करोड़ रूपये की परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास।
- प्रदेश भर में आज मनाया जा रहा है गुड फ्राइडे। गिरजा घरों में विशेष प्रार्थना सभाओं के हो रहे हैं आयोजन।
- तेज हवाओं तथा बारिश के कारण कई जिलों में बदला मौसम का मिजाज। मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिये जारी किया यलो अलर्ट।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कल वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केद्र सरकार को सात दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। पेश है एक रिपोर्ट......

***वक्फ मामले में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने शीर्ष न्यायालय को आश्वस्त किया कि अगली सुनवाई तक वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के तहत वक्फ बोर्ड या केंद्रीय वक्फ परिषद में कोई नई नियुक्ति नहीं की जाएगी। महाधिवक्ता तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ को भरोसा दिलाया कि मौजूदा वक्फ संपत्तियों की स्थिति, जिसमें उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ के रूप में वर्गीकृत संपत्तियां भी शामिल हैं फिलहाल अपरिवर्तित रहेंगी। याचिकाओं की बड़ी संख्या के कारण पीठ ने याचिकाकर्ताओं से सुनवाई के लिए पांच प्रमुख मामलों की पहचान करने को कहा है। इस मामले की सुनवाई अब 5 मई को होगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।***

**********

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रपति द्वारा विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए समयसीमा निर्धारित करने वाले सुप्रीम कोर्ट के हाल के निर्णय पर सवाल किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति नहीं हो सकती कि न्यायालय, देश के राष्ट्रपति को निर्देश दे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट केवल संविधान की व्याख्या कर सकता है। श्री धनखड ने कल नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति आवास में राज्यसभा प्रशिक्षुओं के छठे बैच को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत ने ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे, कार्यकारी कार्य करेंगे और सुपर संसद के रूप में काम करेंगे। श्री धनखड ने कहा कि शक्ति का प्रयोग करते समय अत्यंत संवेदनशील होने की आवश्यकता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोगों द्वारा चुनी गई सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी होती है और कोई भी व्यक्ति प्रश्न पूछ सकता है, लेकिन कार्यकारी शासन न्यायपालिका का होने पर कोई व्यक्ति कैसे सवाल पूछ सकता है और चुनाव में किसे जवाबदेह ठहराया जा सकता है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दोपहर बाद गोरखपुर दौरे पर आएंगे। वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान– एम्स गोरखपुर में प्रस्तावित रैन बसेरे के भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से पांच सौ लोगों की क्षमता का यह रैन बसेरा चौवालिस करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार किया जाएगा। यह न केवल गोरखपुर का बल्कि पूर्वी उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा रैन बसेरा होगा। एम्स गोरखपुर की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन देश दीपक वर्मा ने बताया कि इस पहल से एम्स में आने वाले मरीजों और तीमारदारों को काफी सहूलियत होगी। गोरखपुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री कल मानबेला में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वह जिले की एक हजार पांच सौ करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर को देश में सर्वश्रेष्ठ बताया है। कल लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने पन्द्रह लाख करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतारा है। प्रदेश में आज निवेश का बेहतरीन वातावरण बना है।

***उत्तर प्रदेश के अंदर निवेश का एक बेहतरीन वातावरण बना है। हर एक सेक्टर में और मुझे लगता है कि उत्तर प्रदेश अकेले इन आठ वर्षों में हम लोगों ने जो बड़ा निवेश कराया है इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से ही हम लोगों ने करवाया है। एमएसएमई विभाग का अलग है। अन्य विभाग के अलग अलग है और इस बड़े निवेश के माध्यम से हम लोगों ने लाखों नौजवानों के लिए नौकरी की सुविधा यहाँ***

***पर दी है। आज उत्तर प्रदेश के पास अपना लैंड बैंक है। उत्तर प्रदेश के पास तैंतीस अलग अलग सेक्टर में निवेश करने के लिए सेक्टोरल पॉलिसी है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आबादी की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य तो है ही, भारत की आस्था का केन्द्रबिन्दु भी है।

**********

प्रदेश भर में आज गुड फ्राईडे मनाया जा रहा है। यह ईसाई धर्म के प्रमुख त्यौहारों में से एक है। इस मौके पर गिरिजाघरो में विशेष प्रार्थना सभाओं के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी दिन ईसाई धर्म के संस्थापक प्रभु ईसा मसीह को सलीब पर लटका दिया गया था। इस बीच गुड फ्राइडे के एक दिन पूर्व विभिन्न गिरिजाघरो में कल भी विशेष प्रार्थना सभाओं के आयोजन किए गये। आज गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना कर ईसाई धर्मावलम्बी प्रभु ईसा मसीह से अपनी गलतियों के लिये क्षमा याचना करेंगे।

**********

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कल लखनऊ के अनौरा कला गांव में टेक होम राशन प्लांट का निरीक्षण किया। श्री मौर्य ने कहा कि प्लांट में कार्यरत महिलाओं के उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने का काम सरकार करेगी।

***जो हमारी फूड प्रोसेसिंग पॉलिसी है उसमें जो महिलाएं किसी भी उद्योग को फूड प्रोसेसिंग का संचालित करेंगी उनको सोलर सब्सिडी नब्बे प्रतिशत हम लोग देते हैं। तो यहाँ पर सोलर का भी प्लांट लग गया है और इससे इनका जो बिजली का बिल है उसमें कमी आई है। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है यह जो आंगनबाड़ी केंद्रों में हमारे कुपोषित बच्चे आते हैं उनके पोषाहार के निर्माण का काम यहाँ पर होता है। लेकिन इनका यहाँ जो आसान है या जो मशीनरी है इसमें ऐसे और भी उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं जिससे इनकी आमदनी बढ़ जाए।***

**********

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने कल गोरखपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरनही और बलिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रसड़ा में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक की। इस दौरान श्री पाठक ने अस्पतालों में साफ–सफाई सुनिश्चित करने के साथ ही मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

***सभी अस्पतालों में साफसफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। चिकित्सक समय से उपस्थित रहे। दवाइयां सभी उपलब्ध है। हर स्थिति में मरीजों को उच्चकोटि की चिकित्सा सुविधाएं मिले और जो चिकित्सकों की कमी है तत्काल भर्ती करें। सीएमओ महोदय को जिलाधिकारी महोदय को यह अधिकार प्राप्त है। शासन ने अधिकारियों ने दिया है। स्थानीय स्तर पर चिकित्सकों की भर्ती करें और लगातार निगरानी करें जिससे सभी मरीजों को उच्च कोट की चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध रहे।***

**********

आज विश्व धरोहर दिवस है। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को कला, संस्कृति और इतिहास से जुड़ी विरासतों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर आज उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा राज्य के पांच प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों–वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, झांसी और आगरा में विशेष हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जा रहा है।

**********

तेज हवाओं और बारिश के चलते कल देर शाम से प्रदेश के पूर्वांचल और मध्य क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदल गया है। आज सुबह से ही ठंडी हवाओं के बीच रूक–रूक कर बौछारें पड़ रही हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में आज और कल तेज हवा और बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र के जिले सोनभद्र, गाजीपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर सहित आसपास के इलाकों में आज तेज हवाओं के साथ गर्जन और वज्रपात की संभावना है। कल शाम पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आंधी और बारिश के कारण हुयी घटनाओं में कुछ लोगों के हताहत होने की सूचना है।

**********

गो–सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कल गोरखपुर में गोसंरक्षण के कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश के गो–आश्रय केन्द्रों के संचालन की जिम्मेदारी अब पशुप्रेमी संस्थाओं को दी जायेगी।

**********